 [ 22/7/2015]

परिशिष्ट

3088
प्रा. अ

कार्यालय जिला अपराध शाखा, इंदौर म.प्र.

क्रमांक :– निरी./अप./इं/539/1140/13 दिनांक : 13/8/2013

प्रति,

डारेक्टर (प्रबंधक)
व्यावसायिक परीक्षा मंडल भोपाल

विषय :– थाना राजेन्द्र नगर जिला इन्दौर के अप0 539/13 धारा 419, 420, 467, 468, 120बी भादवि, 25, 27 आर्म्स, 34ए आबकारी एक्ट, 65 आईटी एक्ट से संबंधित जानकारी भेजने बावत्।

---

उपरोक्त विषय में लेख है कि विषयांकित अपराध सदर की विवेचना में पाया गया है कि आरोपियों द्वारा लाखो रूपये लेकर व्यापम के अधिकारीयों से भारी धनराशि दी जाकर व्यापम द्वारा ईमानदारी, निष्पक्षता, विश्वसनीयता तथा गोपनीय रखते हुये एमपी पीएमटी परीक्षा 2013 में रोल नंबर आवंटन प्रक्रिया हेतु अपनायी गई प्रकिया लाजिक अनुसार रोल नंबर आवटित किये जाते है ताकि किसी भी प्रकार से किसी भी छात्र का रोल नंबर एक कम में न आये।

कृपया वर्ष 2013 की एमपी पीएमटी 2013 का परीक्षा में अपनायी गई प्रकिया लाजिक के अनुसार रोल नंबर आंवटित डाटा बेस के आधार पर यह बताने का कष्ट करें की अपनाई गई प्रकिया लाजिक से भिन्न होकर गलत ढंग से व्यापम के अभियुक्त नितिन, अजय, चंद्रकांत मिश्रा आदि के द्वारा किन किन छात्रों के रोल नंबर आंवटित किये गये है उनकी पूर्ण सूची निम्न लिखित कालम में तीन दिवस में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1. कमांक, 2. फार्म नबर, 3. सेक्टर कोड नंबर, 4. शहर का नाम, 5. कहां से फार्म भरा गया शहर का नाम, 6. एप्लीकेशन नंबर, 7. ट्रांजेक्शन आई डी, 8. ट्रांजेक्शन दिनांक, 9. इन्स्टूमेंट टाईप, 10. ब्रांच का नाम, 11. इन्स्टूमेंट टाईप, 12. छात्र का नाम, 13. सरनेम, 14. पिता का नाम, 15. जाति संवर्ग, 16. सेक्स, 17. मूल निवासी, 18. जन्म दिनांक, 19. परीक्षा शहर, 20. छात्र का पूरा पता, 21. पिन कोड, 22. मोबाईल नंबर, 23. ईमेल आईडी, 24. रोल नंबर, 25. सेक्टर कोड, 26. ओपी कोड, 27. सेट, 28. एससीएन, 30. परीक्षा में प्राप्त अंक

13/8/13
(अखिलेश द्विवेदी)
निरीक्षक
अपराध शाखा जिला इंदौर
INSPECTOR
D.C.B.

अनुभाग अधिकारी
मध्य प्रदेश शासन
गृह (पुलिस) विभाग, बी (1)
मंत्रालय, भोपाल

E/letter2013

(2038)


मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
''चयन भवन'', मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल-462 011

Madhya Pradesh Professional Examination Board
"Chayan Bhawan", Main Road No. 1, Chinar Park (East), Bhopal-462 011
Phone : +91-755-2578801-02-03-04, Fax : +91-755-2550498, E-mail : vyapam@mp.nic.in, Website : www.vyapam.nic.in


क्रमांक व्यापम / 6071 / 2013 — भोपाल, दिनांक 27.09.13

प्रति,

श्री डी0एस0बघेल,
उप पुलिस अधीक्षक एवं विवेचक,
म0प्र0 एस0टी0एफ0,
भोपाल

विषय– थाना राजेन्द्र नगर, जिला इंदौर के अपराध क्रमांक 539/13 धारा 419, 420, 467, 468, 120बी भा0द0वि0 25/27 आर्म्स एक्ट 34 आबकारी एक्ट एवं 65 आईटी एक्ट की विवेचना के संबंध में।

संदर्भ – आपका पत्र क्रमांक एसटीएफ/मुख्यालय/2013/M-74 दिनांक 27..09.2013

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से चाही गई बिन्दु क्रमांक 01 से 07 तक की बिन्दुवार जानकारी निम्नानुसार है :–

1. बिन्दु क्र. 01 के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि नितिन मोहिन्द्रा, अजय कुमार एवं सी.के.मिश्रा द्वारा 40135 आवेदकों हेतु रोल नंबर जारी किए गए थे, परन्तु सिर्फ 40086 आवेदकों के ही रोल नंबर वेबसाईट पर अपलोड करवाए गए थे। परीक्षण करने पर पाया गया कि 49 ऐसे आवेदक हैं, जिनके प्रकरण स्पष्ट फोटो व हस्ताक्षर उपलब्ध करवाने हेतु एम.पी. ऑनलाईन को भेजे गए थे तथा इनके स्पष्ट फोटो व हस्ताक्षर एम.पी. ऑनलाईन से प्राप्त नहीं हुए, परन्तु तब भी इन 49 आवेदकों को रोल नंबर आवंटित कर दिए गए। परीक्षण के दौरान यह 49 आवेदक रोल नंबर सहित अमान्य आवेदकों की सूची में पाए गए।

2. बिन्दु क्र. 02 अनुसार 40135 आवेदकों के लिए जन्मतिथि+20 डिजिट के ट्रांजिक्शन आईडी के विभिन्न संभावित भागों+सरनेम के आधार पर इंडेक्सिंग करते हुए पहले सम एवं उसके पश्चात विषम रिकार्ड हेतु शहरवार रोल नंबर आवंटित किए गए तथा नितिन मोहिन्द्रा, अजय कुमार एवं सी.के.मिश्रा द्वारा आवंटित/उपलब्ध करवाए गए रोल नंबरों की शहरवार सूची से मिलान कर मिसमैच का विवरण दर्शाया गया है। इससे संबंधित 20 पृष्ठीय सूची परिशिष्ट–1 में संलग्न है।

3. बिन्दु क्र. 03 के संबंध में लेख है कि 130 आवेदकों संबंधी पत्राचार से संबंधित नस्ती क्र. 27–12/2013/08 के पृष्ठ क्र. 03 से 05 की प्रति परिशिष्ट–2 पर संलग्न है, जिसमें पत्र का प्रारूप सी.के. मिश्रा द्वारा अजय कुमार को प्रस्तुत किया गया था। अजय कुमार द्वारा नितिन मोहिन्द्रा को प्रस्तुत किया गया। नितिन मोहिन्द्रा द्वारा नस्ती के पृष्ठ क्र. 04 पर तत्कालीन नियंत्रक डॉ.पंकज त्रिवेदी द्वारा दिए गए अनुमोदन के आधार पर स्वयं हस्ताक्षर करते हुए मुख्य परिचालन अधिकारी, एम.पी.ऑनाईन लि., निरूपम शॉपिंग माल, द्वितीय तल, अहमदपुर, होशंगाबाद रोड, भोपाल को पत्र क्र./मप्रव्या/कम्प्यू/4229/2013 दि. 01.07.2013 द्वारा जारी किया गया था, जिसकी प्रति परिशिष्ट–3 में संलग्न है। पी.एम.टी.–2013 से संबंधित आवेदन प्राप्त करने के उपरांत 05 दिवस का समय भरे गए आवेदन–पत्रों में संशोधन हेतु प्रदान किया गया था। नियमपुस्तिका के बिन्दु क्र. 4.6.4 में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि संशोधन के लिए निर्धारित समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार का संशोधन मान्य नहीं होगा व किसी भी आवेदन–पत्र पर मंडल द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। ऐसी स्थिति में एम.पी. ऑनलाईन को स्पष्ट फोटो व हस्ताक्षर प्राप्त कर उपलब्ध करवाने हेतु लिखा जाना नियम विरूद्ध है। बिन्दु क्र. 4.6.4 से संबंधित पृष्ठ की प्रति परिशिष्ट–4 में संलग्न है।

27/09

4. बिन्दु क्र. 04 के संबंध में लेख है कि 49 अमान्य आवेदकों को रोल नंबर आवंटित किए गए थे, इसकी सूची रोल नंबर सहित परिशिष्ट–5 पर संलग्न है। यह रोल नंबर भी पीएमटी–2013 हेतु जारी रोल नंबरों के साथ जारी किए गए थे, जिससे संबंधित अधिकारी नितिन मोहिन्द्रा, अजय कुमार एवं कर्मचारी सी.के.मिश्रा हैं एवं यह ही कम्प्यूटर शाखा स्तर पर इस त्रुटि के लिए जिम्मेदार है।

5. बिन्दु क्र. 05 से संबंधित जन्मतिथि+20 डिजिट के ट्रांजिक्शन आईडी के विभिन्न संभावित भागों+सरनेम के आधार पर इंडेक्सिंग करते हुए पहले सम एवं उसके पश्चात विषम रिकार्ड हेतु शहरवार रोल नंबर आवंटित किए गए तथा नितिन मोहिन्द्रा, अजय कुमार एवं सी.के.मिश्रा द्वारा आवंटित/उपलब्ध करवाए गए रोल नंबरों की शहरवार सूची से मिलान कर जो मिसमैच तैयार किया गया है, उसमें न्यूनतम मिसमैच 876 ट्रांजेक्शन आई.डी. के भाग 7–11 पर प्राप्त हो रहा है। प्राप्त होने वाले न्यूनतम मिसमैच 876 से संबंधित आवेदकों की पते सहित सूची परिशिष्ट–6 में संलग्न है।

6. बिन्दु क्र. 06 के संबंध में उल्लेखनीय है कि एसटीएफ द्वारा मण्डल को प्रेषित पूर्व जानकारी में से जिन 363 वैध आवेदकों की जानकारी मंडल को प्राप्त हुई थी, उनमें से 345 आवेदक 876 की मिसमैच सूची में उपलब्ध है, जिनकी पता सहित जानकारी परिशिष्ट–7 में संलग्न है।

7. बिन्दु क्र. 07 के संबंध में उल्लेखनीय है कि उपरोक्त प्रक्रिया में जन्मतिथि+20 डिजिट के ट्रांजिक्शन आईडी के विभिन्न संभावित भागों+सरनेम के आधार पर इंडेक्सिंग करते हुए पहले सम एवं उसके पश्चात विषम रिकार्ड हेतु शहरवार रोल नंबर आवंटित कर नितिन मोहिन्द्रा, अजय कुमार एवं सी.के.मिश्रा द्वारा आवंटित/उपलब्ध करवाए गए रोल नंबरों की शहरवार सूची से मिलान कर मिसमैच तैयार करने के लिए उपयोग में लाए गए प्रोग्राम की प्रति परिशिष्ट–8 में संलग्न है।

उपरोक्त संदर्भित पत्र में उल्लेखित बिन्दु क्रमांक 8 की जानकारी पृथक से प्रेषित की जा रही है।

संलग्न–उपरोक्तानुसार

27/9/13

नियंत्रक

म0प्र0 व्यावसायिक परीक्षा मण्डल

भोपाल

अनुभाग अधिकारी
मध्य प्रदेश शासन,
गृह (पुलिस) विभाग, बी (1),
मंत्रालय, भोपाल.

13/7/18